

नीम करौली बाबा की 90 वर्गफीट की बनाई पेंटिंग

रवीन्द्र भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की बाबा की पूजा-अर्चना

निज संवाददाता

भोपाल,1 अगस्त. रवीन्द्र भवन में शनिवार को आयोजित 'रंगमंच थिएटर एंड डांस फेस्टिवल में इंदौर के चित्रकार इंद्रनील मजूमदार द्वारा बनाई गई 90 वर्गफीट (30म30) की नीम करौली बाबा की पेंटिंग खास आकर्षण रही. 'रिश्ते, मूल्य और सामाजिक सरोकार' थीम पर हुए इस कार्यक्रम में पेंटिंग को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे.

यह आयोजन यश विजन एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया. पेंटिंग के माध्यम से प्रेम, सेवा और मानवता का संदेश दिया गया. बताया गया कि यह पेंटिंग चित्रकार मजूमदार ने चार दिन में तैयार की है.

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. अतिथियों ने कहा कि कला समाज को जोड़ने और सकारात्मक सोच फैलाने का प्रभावी माध्यम है. संयोजक सुमंत सोनी ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य नई पीढ़ी को सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक रिश्तों से जोड़ना है.

महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा. यश ग्रुप के कलाकारों ने संगीत, नृत्य और अभिनय के जरिए सामाजिक विषयों को मंच पर प्रस्तुत किया. 35 मिनट की नाट्य प्रस्तुति में बदलते समय के साथ परिवार और रिश्तों में आए बदलाव को दिखाया गया. इसमें पुरानी पीढ़ी से लेकर नई पीढ़ी के बीच संवाद और भावनात्मक जुड़ाव को सरल तरीके से पेश किया गया.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कला प्रेमी शामिल हुए.

गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान की पूर्णाहुति आज

भोपाल,1 अगस्त. गायत्री शक्तिपीठ में 40 दिवसीय सवा लाख गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान की सामूहिक पूर्णाहुति रविवार को वैदिक यज्ञ के साथ होगी. यह अनुष्ठान गायत्री जयंती 24 जून से युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में चल रहा था. कार्यक्रम सुबह 8.30 बजे अश्वमेध हॉल में शुरू होगा. सभी साधक परिवार सहित शामिल होकर अपनी साधना की पूर्णाहुति देंगे. जिन साधकों का जप अभी पूरा नहीं हुआ है, वे भी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं और शेष जप बाद में पूरा करेंगे. आयोजन के बाद भोजन प्रसादी भी वितरित की जाएगी.

मुंशी प्रेमचंद जयंती पर पोस्टर, स्लोगन स्पर्धा

भोपाल, 1 अगस्त. मुंशी प्रेमचंद जयंती पर द भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेस में 'मुंशी प्रेमचंद: आज के संदर्भ में उनके विचार और साहित्य' विषय पर पोस्टर, स्लोगन लेखन स्पर्धा हुई. महाविद्यालय की वाइस प्रिंसिपल डॉ. लीमा जैकब ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद का साहित्य आज भी समाज को मानवीय मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है.

बेटी देवी का रूप, जन्म पर मनाएं महोत्सव

'नानी बाई का मायरा' में पं. पुष्पानंदन के प्रवचन

निज संवाददाता

भोपाल, 1 अगस्त. माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'नानी बाई का मायरा' कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को कथावाचक पंडित पुष्पानंदन महाराज ने गाड़ी लीला की कथा सुनाई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.

आयोजन में कथावाचक पंडित पुष्पानंदन ने बेटियों के सम्मान और उनके महत्व पर जोर दिया. कथा के दौरान उन्होंने कहा कि बेटी को देवी का रूप मानते हुए उसके जन्म को केवल उत्सव नहीं, बल्कि महोत्सव की तरह मनाना चाहिए. उन्होंने कहा कि बेटियां दो परिवारों का मान बढ़ाती हैं और घर में सुख-समृद्धि लाती हैं. कथा के अंत में मंगल आरती कर प्रसाद वितरण किया गया. तीन दिवसीय इस आयोजन का उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना और बेटी के प्रति सम्मान की भावना मजबूत करना है.

एक नजर में

कोहड़ी गांव में बच्चों को यूनिफॉर्म वितरित

भोपाल,1 अगस्त. कोलार रोड स्थित कोहड़ी ग्राम की शासकीय प्राथमिक शाला में शनिवार को हिमांशु सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने छात्रों को यूनिफॉर्म, जूते और पढ़ाई का सामान बांटा. यह वितरण स्वर्गीय हिमांशु के जन्मदिन के मौके पर किया गया, जिसमें स्कूल के सभी बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल सहित जरूरी सामग्री दी गई. संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं. उद्देश्य यह है कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई पैसों की कमी के कारण न रुके और सभी को बराबरी का अवसर मिले.कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया. संस्था पिछले कई वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्र में काम कर रही है और जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित कर रही है.

बुधनी घाट से कांवड़ यात्रा का शुभारंभ

भोपाल, 1 अगस्त. पवित्र नर्मदा नदी के तट स्थित बुधनी घाट से शनिवार को वार्षिक कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ. अयोध्या नगर भोपाल के श्रद्धालुओं का एक जत्था कांवड़ लेकर तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा पर रवाना हुआ. श्रद्धालुओं ने यात्रा शुरू करने से पहले नर्मदा नदी से पवित्र जल भरकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की. इसके बाद कांवड़ लेकर अपनी यात्रा प्रारंभ की. श्रद्धालुओं ने बताया कि वे आगामी तीन दिनों में भोपाल तक यात्रा पूर्ण करेंगे. यात्रा के दौरान मार्ग में स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया.

सबनानी ने कम्युनिटी हॉल का किया भूमिपूजन

भोपाल, 1 अगस्त . दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 30 स्थित चुनाभट्ठी की विंडसर कॉलोनी में शनिवार को विधायक भगवानदास सबनानी ने 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले कम्युनिटी हॉल का भूमिपूजन किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कम्युनिटी हॉल बनने से क्षेत्र के लोगों को पारिवारिक और सामाजिक आयोजनों के लिए सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा. इससे सामाजिक एकता को भी मजबूती मिलेगी. विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से कराया जा रहा है. आने वाले समय में कई बड़ी योजनाओं पर भी काम किया जाएगा. उन्होंने बारिश के मौसम को देखते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की.

न्यू दिगंबर और शिशुकुंज की दमदार जीत

भोपाल, 1 अगस्त (खेल प्रतिनिधि). एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में खेली जा रही सीबीएसई क्लस्टर-12 बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के मुकाबलों में कई रोमांचक नतीजे सामने आए. अंडर-19 में न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल ने कड़े मुकाबले में सेंट थेरेसा स्कूल को 23-20 से हराकर दिन की सबसे अहम जीत दर्ज की. दिन का सबसे एकतरफा मुकाबला अंडर-17 वर्ग में देखने को मिला, जहां द शिशुकुंज स्कूल ने बेलवेदर स्कूल को 22-3 से हराया. अंडर-14 वर्ग में सेंट थेरेसा स्कूल ने ज्ञानस्थली स्कूल को 17-2 से हराकर अगले दौर की ओर मजबूत कदम बढ़ाए.

नगर में आज

नानी बाई का मायरा कथा का समापन

समय - दोपहर 3 बजे से, **स्थान**-गुजराती समाज भवन

संभावना गतिविधि

समय- 2 बजे से, **स्थान**- जनजातीय संग्रहालय

वन विभाग की भूमि पर रोपेंगे एक हजार से अधिक पौधे

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के नेतृत्व में अभियान का शुभारंभ

भोपाल, 1 अगस्त . मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के निर्देशानुसार संचालित 'उल्लास' कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के पीछे स्थित वन विभाग की भूमि पर वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया.

अभियान का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया .इस क्षेत्र में अभियान के दौरान 1000 से अधिक पौधे रोपे जाएंगे. जिला न्यायपालिका, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला अधिवक्ता संघ और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अभियान में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों, पैरालीगल वालंटियर्स और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया. सभी ने लगाए गए पौधों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प भी लिया.

> अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाना, जलवायु संतुलन बनाए रखना, जैव विविधता का संरक्षण और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण तैयार करना है. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री श्रीवास्तव ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण के साथ मानव जीवन के अस्तित्व का आधार हैं. प्रत्येक नागरिक को पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए. सामूहिक सहभागिता से ही हरित और संतुलित पर्यावरण का निर्माण संभव है. कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश राजर्षि श्रीवास्तव, जिला न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अग्नीन्द्र कुमार द्विवेदी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनीत अग्रवाल सहित न्यायपालिका, वन विभाग, अधिवक्ता संघ और विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे.

सुख-दुख का कारण कर्म : आचार्यश्री

श्री विद्योदय तीर्थ में समय सागर महाराज ने दिए प्रवचन

निज संवाददाता

भोपाल,1 अगस्त. एमपी नगर श्री विद्योदय तीर्थ में शनिवार को धर्मसभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने श्रद्धालुओं को आंतरिक साधना और आत्मचिंतन का महत्व समझाया.

वर्षायोग के तहत हुई इस धर्मसभा में आचार्यश्री ने कहा कि धर्म केवल परंपरा निभाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे समझकर और सही तरीके से जीवन में अपनाना जरूरी है. प्रवचन में आचार्यश्री ने बताया कि व्यक्ति के सुख-दुख का कारण उसके अपने कर्म होते हैं, इसलिए सुधार भी खुद से ही शुरू करना होगा. उन्होंने कहा कि यदि इंसान अपने व्यवहार में बदलाव लाए और राग-द्वेष कम करे, तो जीवन में संतुलन आ सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि धर्म सुनना ही काफी नहीं है, बल्कि उसका थोड़ा हिस्सा भी जीवन में उतारना जरूरी है. समय पर पहुंचकर ध्यान से सुनना भी साधना का हिस्सा माना गया.

> **चातुर्मास कलश स्थापना आज :** एमपी नगर स्थित निर्माणाधीन विद्योदय तीर्थ परिसर में रविवार को चातुर्मास कलश की स्थापना की जाएगी. यह आयोजन दोपहर 2 बजे से शुरू होगा. आयोजकों के मुताबिक, कलश स्थापना के दौरान मुनि संघ की मौजूदगी में धार्मिक विधियां संपन्न होंगी.

टेनिस : डीपीएस कोलार का आयांश अव्वल

भोपाल, 1 अगस्त. एसजीएफआई जिला स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल, कोलार रोड के खिलाड़ियों ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए डिवीजन स्तर की प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई. अंडर-14 बालक वर्ग में आयांश सोनी ने पहला स्थान हासिल कर भोपाल जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त किया. उनके साथ स्कूल के चार अन्य खिलाड़ियों ने भी अपने-अपने वर्ग में क्वालीफाई किया. अंडर-14 बालक वर्ग में विवान देसाई ने छठा स्थान हासिल किया, जबकि अंडर-14 बालिका वर्ग में अनुशा सिन्हा भी छठे स्थान के साथ अगले चरण में पहुंचीं. वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग में राधा माहेश्वरी, धानी तिवारी और वारी पाटणकर ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए एसजीएफआई डिवीजन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया. जिला स्तर की प्रतियोगिता में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद अब इन खिलाड़ियों के सामने डिवीजन स्तर पर अपनी चुनौती पेश करने का मौका होगा.

शिक्षा व्यवस्था में बदलाव पर छात्राओं ने रखे तर्क

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में पीयर डिस्कशन का आयोजन

संत नगर प्रतिनिधि

संत नगर, 1 अगस्त. संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में आयोजित पीयर डिस्कशन में तर्क, संवाद और विभिन्न दृष्टिकोणों के माध्यम से विषय के पक्ष-विपक्ष पर चर्चा हुई.

कार्यक्रम का आयोजन गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में साहित्यिक समिति के तत्वावधान में किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में तार्किक चिंतन, स्वस्थ संवाद, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा समसामयिक विषयों के प्रति जागरुक करना था. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई. इसके बाद मां सरस्वती, संत हिरदाराम साहिब जी एवं महर्षि सांदीपनि के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया. महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. डालीमा परवानी ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि विवेक, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने की प्रक्रिया है. मुख्य अतिथि एवं वार्ड क्रमांक-7 की पार्षद प्रियंका अनिल मिश्रा ने कहा कि सच्चा विद्यार्थी वही है, जो पूर्वाग्रहों से ऊपर उठकर हर व्यक्ति, अनुभव और परिस्थिति से सीखने का प्रयास करे तथा ज्ञान को खुले मन से स्वीकार करे.

आशा कार्यकर्ता की सजगता से नवजात को मिला नया जीवन

भोपाल, 1 अगस्त. नियमित स्तनपान और सही देखभाल किसी नवजात के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकता है. भोपाल के कालापानी गांव में इसकी एक मिसाल सामने आई है. जहां एक आशा कार्यकर्ता के सही मार्गदर्शन की बदौलत कमजोर नवजात शिशु के स्वास्थ्य में अप्रत्याशित सुधार हुआ. एक महीने में बच्चे का वजन एक किग्रा तक बढ़ गया. कालापानी गांव की आशा कार्यकर्ता प्रियंका चौकसे ने गृह आधारित शिशु स्वास्थ्य देखभाल योजना के तहत इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया. जानकारी के अनुसार महिला ने जब अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया, तो जन्म के समय शिशु का वजन 1.7 किलोग्राम था. अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद बच्चे के वजन में गिरावट आने लगी, तब परिवार की चिंता बढ़ गई थी.

सेना भर्ती का डीजी ने लिया जायजा

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 1 अगस्त. भारतीय सेना के भर्ती महानिदेशक (डीजी) लेफ्टिनेंट जनरल आर. एस. सुंदरम ने शनिवार को सेना भर्ती रैली का दौरा कर पूरी चयन प्रक्रिया का जायजा लिया.

उन्होंने अधिकारियों से बात की, मैदान की व्यवस्थाएं देखीं और भर्ती में शामिल युवाओं से भी बातचीत की. दौरे के दौरान महानिदेशक ने भर्ती के हर चरण की जानकारी ली.

अधिकारियों ने उन्हें बताया कि पूरी प्रक्रिया को आसान, साफ और व्यवस्थित तरीके से पूरा कराया जा रहा है. भीड़ से बचने के लिए युवाओं को अलग-अलग समूहों में मैदान में बुलाया जाता है. सबसे पहले दौड़ होती है. दौड़ पास करने वाले युवाओं का शारीरिक परीक्षण किया जाता है. इसके बाद अगले चरण की प्रक्रिया पूरी की जाती है.

सेना अधिकारियों के अनुसार ऐसी भर्ती रैलियां सिर्फ भोपाल में ही नहीं, बल्कि तय कार्यक्रम के अनुसार अलग-अलग तारीखों पर अन्य शहरों और जिलों में भी आयोजित की जाएंगी. वहां भी उम्मीदवारों का चयन इसी तरह की प्रक्रिया से होगा.

एम्स में ब्रेन डेथ और कोमा के बीच समझाया अंतर

अंगदान कर दूसरे लोगों को दे सकते हैं जीवन

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 1 अगस्त. एम्स में अंगदान जागरुकता सप्ताह के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. नाटक के माध्यम से स्वास्थ्यकर्मियों ने ब्रेन डेथ के बाद होने वाले अंगदान के महत्व और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से उजागर किया.

नाटक की पटकथा और निर्देशन एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. सुनैना टी कर्णा द्वारा तैयार किया गया था. इसमें विभिन्न विभागों के चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों और प्रत्यारोपण समन्वयकों ने शानदार अभिनय करते हुए जीवन रक्षा का संदेश दिया.नुक्कड़ नाटक की सरल कहानी के जरिए अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करने का प्रयास किया गया.कलाकारों ने स्पष्ट किया कि ब्रेन डेथ की स्थिति कोमा से बिल्कुल अलग होती है. यदि किसी व्यक्ति की ब्रेन डेथ हो जाती है, तो उसके अंगों का समय पर दान करके कई अन्य लोगों को नई जिंदगी दी जा सकती है.

समारोह | शोध और छात्रहित को बताया विकास का मूल मंत्र

बरकतउल्ला विवि का मनाया स्थापना दिवस

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 1 अगस्त. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने शनिवार को अपना 56वां स्थापना दिवस मनाया. विश्वविद्यालय परिसर स्थित ज्ञान-विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही.

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु और उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त प्रमुख सचिव अनुपम राजन ने की. संबोधन में कुलगुरु ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की वास्तविक पहचान उसकी पढ़ाई की गुणवत्ता, शोध संस्कृति और पारदर्शी प्रशासन से होती है. उन्होंने कहा कि अकादमिक कैलेंडर का कड़ाई से पालन, समय पर परीक्षा परिणाम जारी करना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी. उन्होंने पूरे विश्वविद्यालय परिवार से संस्थान को देश का उत्कृष्ट ज्ञान केंद्र बनाने का आह्वान किया. समारोह में कुलसचिव डॉ समर बहादुर सिंह ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली विश्वविद्यालय की छात्रा की उपलब्धि का विशेष रूप से उल्लेख किया. इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय में 35, 25 और 15 वर्षों से निरंतर अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया.